हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 30 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

- मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत के लिए एक आधुनिक और समावेशी शिक्षा प्रणाली का निर्माण किया ।

- पूर्व मुख्य,यंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा विधानसभा में विपक्ष के नेता नियुक्त किए गए । - काँग्रेस ने पूर्व मंत्री राव नरेंद्र को हरियाणा काँग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया ।

- हरियाणा विधानसभा के उपाद्यक्ष ने जींद में सड़कों के नवीनीकरण का उद्घाटन किया ।

- केन्द्रीयए संचार मंत्रालय के हरियाणा संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय ने स्वचहट अभियान चलाया । - सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।

- फरीदाबाद के ई एस आई सी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में पहली बार गुर्दा हटाने की जटिल सर्जरी की गई ।

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम

आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से भारत के लिए एक आधुनिक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -

*“शिक्षा वह आधार है जिस पर एक राष्ट्र अपने भविष्य का निर्माण करता है, ऐसे विचारों को आकार देता है जो पीढ़ियों के भाग्य का निर्माण करते हैं। जून 2020 में, नरेंद्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रस्तुत की - 34 वर्षों में पहली ऐसी नीति, जिसका उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन लाना और इसे 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इसका उद्देश्य शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना है।*

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूली और उच्च शिक्षा में व्यावसायिक और व्यावहारिक कौशल को शामिल करके कौशल विकास को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करने पर ज़ोर देती है। यह माध्यमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रारंभिक अवस्था में ही व्यावसायिक शिक्षा से परिचित कराने का भी आह्वान करती है। यह नीति बहुभाषावाद को बढ़ावा देने पर ज़ोर देती है और भारतीय भाषाओं को जीवंत बनाए रखने के प्रयासों को प्रोत्साहित करती है। इसमें आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर ज़ोर दिया गया है, और स्कूलों में शैक्षणिक, पाठ्येतर और व्यावसायिक विषयों के बीच कोई कठोर विभाजन नहीं किया गया है।*

*पिछले पाँच वर्षों में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत में एक अधिक समावेशी, शिक्षार्थी-केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है। निरंतर प्रतिबद्धता और सहयोग के साथ, यह एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का*

***वादा करती है जो न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि प्रत्येक बच्चे में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और क्षमता का पोषण भी करती है।अश्विनी कुमार शर्मा ,आकाशवाणी समाचार , चंडीगढ़"***

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधानसभा में विपक्ष के नेता होंगे।37 विधायकों वाली कांग्रेस विधायक दल के नेता ही विधानसभा में विपक्ष के नेता का दायित्व संभालेंगे।

कांग्रेस आलाकमान ने विधानसभा चुनाव के नतीजों के करीब 11 माह बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता पद पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नियुक्ति की है। कांग्रेस विधायकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विधायक दल के नेता का नाम तय करने का फैसला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ा था।

इस दौरान कई विधायकों के नाम विपक्ष के नेता के पद के लिए चर्चा में रहे आखिर कांग्रेस आलाकमान ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम कांग्रेस विधायक दल के नेता पद के लिए घोषित कर दिया।

वहीं कांग्रेस हाई कमान ने पूर्व मंत्री राव नरेंद्र को हरियाणा कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। करीब साढ़े साल के कार्यकाल के बाद मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को इस जिम्मेदारी से अलग कर दिया गया है।

*************************************************************

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिढ़ा ने आज जींद में सड़कों के नवीनीकरण का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि 4 करोड़ रूपये की लागत से सड़को का नवीनीकरण किया जाएगा। जींद शहर की सभी सड़को को मजबूत बनाया जायेगा।

कांग्रेस पार्टी द्वारा भूपेंडेर सिंह हूड़ को विधायक दल का नेता चुने जाने पर एक सवाल के जवाब में श्री मिढ़ा ने कहा

**************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा पंचकूला के सेक्टर 14 स्थित गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज फॉर वूमेन में "मेरे आंगन में दुर्गा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी कमल दीदी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उनके अलावा गणमान्य व्यक्तियों, छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नाटिका व विभिन्न प्रस्तुतियों द्वारा महिला की शक्तियों का व्याख्यान किया गया।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणु भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि आयोग द्वारा नवरात्रों के दौरान किसी न किसी महिला केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसका समापन आज अष्टमी के दिन मेरे आंगन में दुर्गा कार्यक्रम से किया गया है। कार्यक्रमों का उद्देश्य लड़कियों को पोश, पोक्सो व विभिन्न कानूनों की जानकारी देने के साथ साथ उनके अंदर की दुर्गा को जागृत करना रहा है।

**************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आंगनवाड़ी ढांचे को नई मजबूती प्रदान करते हुए आज 15 करोड़ रुपये की लागत से 500 नवीनीकृत आंगनवाड़ी

भवनों का लोकार्पण तथा 9 करोड़ रुपये की लागत से बने 64 नए आंगनवाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों और महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य तथा प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में पोषण माह की 8वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पोषण कैलेंडर का भी अनावरण किया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया।

*************************************************

केन्द्रीय संचार मंत्रालय के हरियाणा संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय ने 14 सितम्बर से "स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता" के थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस दौरान परिसरों की सफाई तक सीमित न रहते हुए, समाज में व्यक्तिगत जिम्मेदारी, पर्यावरण जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा दिया गया।

आज अंबाला में छावनी बोर्ड के सभी सफाई कर्मियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।

***************************************************

फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पहली बार गुर्दा हटाने की जटिल सर्जरी, रोबोटिक नेफ्रेक्टोमी की गई।

अस्पताल के डीन डॉ. चव्हाण कालिदास दत्तात्रेय ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि यह फरीदाबाद ईएसआईसी अस्पताल की पहली विशेष रोबोटिक सर्जरी है, जो नवाचार और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

मरीज, जो क्षय रोग से पीड़ित और अत्यंत छोटे कद के थे, का बायाँ गुर्दा काम करना बंद कर चुका था और पस से भर गया था। जो किसी भी समय फट कर पूरे शरीर में संक्रमण फैला सकती थी।

इस ऑपरेशन में केवल 4 सेंटीमीटर चीरे से गुर्दा निकाला गया और मात्र 200 मिलीलीटर रक्तस्राव हुआ। एनेस्थीसिया की प्रमुख डॉ. रश्मि तनेजा और उनकी टीम ने मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

*******************************************************